**[Series - D :: Code - EUNX-I]**

1. ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार को राष्ट्रीय नीति के रूप में अपनाया गया था
   (a) 1899 में (b) 1901 में
   (c) 1903 में (d) 1905 में
2. 'फूट डालो और राज्य करो' की रणनीति अपनाई गई थी
   (a) लॉर्ड कर्जन द्वारा (b) लॉर्ड मिन्टो द्वारा
   (c) लॉर्ड डलहौजी द्वारा (d) लॉर्ड वेलेज्ली द्वारा
3. गदर पार्टी का मुख्यालय था
   (a) सैन फ्रान्सिस्को में (b) न्यूयॉर्क में
   (c) मद्रास में (d) कलकत्ता में
4. इनमें से कौन उग्र राष्ट्रवाद के उल्लेखनीय नेताओं में से नहीं था?
   (a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) बिपिन चंद्र पाल
   (c) लोकमान्य तिलक (d) लाला लाजपत राय
5. इनमें से किसे 'दि ग्रैन्ड ओल्ड मैन' के नाम से जाना जाता है?
   (a) खान अब्दुल गफ्फार खाँ
   (b) डब्ल्यू. सी. बनर्जी
   (c) दादाभाई नौरोजी
   (d) मोतीलाल नेहरू
6. इनमें से कौन भारतीय संविधान सभा का अध्यक्ष था?
   (a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (b) पं. जवाहरलाल नेहरू
   (c) सरदार पटेल
   (d) डॉ. बी.आर. अम्बेदकर
7. स्वतंत्रता का नव-ग्रहीत तिरंगा पहली बार कब लहराया गया?
   (a) 31 दिसम्बर, 1928 (b) 31 दिसम्बर, 1929
   (c) 31 दिसम्बर, 1930 (d) 31 दिसम्बर, 1931
8. भूदान आन्दोलन का प्रारम्भ सर्वप्रथम किस राज्य में हुआ था?
   (a) आन्ध्र प्रदेश (b) कर्नाटक
   (c) तमिलनाडु (d) उत्तर प्रदेश
9. भारतीय संविधान में समानता का अधिकार 5 अनुच्छेदों द्वारा स्वीकृत है। वे हैं
   (a) अनुच्छेद 13 – 17 (b) अनुच्छेद 14 – 18
   (c) अनुच्छेद 15 – 19 (d) अनुच्छेद 16 – 20
10. भारत के संविधान के निर्माताओं ने मौलिक अधिकारों की अवधारणा को उधार लिया था
   (a) यू.एस.ए. के संविधान से
   (b) आयरलैण्ड के संविधान से
   (c) कनाडा के संविधान से
   (d) सोवियत संघ के संविधान से
11. किनके बीच सम्बन्धों की पुनरीक्षा के लिए सरकारिया आयोग का गठन किया गया था?
   (a) प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति
   (b) विधायिका और कार्यपालिका
   (c) कार्यपालिका और न्यायपालिका
   (d) केन्द्र और राज्य
12. भारत के संवधिान के किस भाग में संघ राज्य सम्बन्धों का उल्लेख किया गया है?
   (a) भाग X (दस) (b) भाग XI (ग्यारह)
   (c) भाग XIV (चौदह) (d) भाग XV (पंद्रह)
13. यदि भारत के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति दोनों त्यागपत्र दे दें, तो ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति के रूप में कौन कार्य करेगा?
   (a) लोक सभा का अध्यक्ष
   (b) प्रधानमंत्री
   (c) गृहमंत्री
   (d) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
14. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्य का नीति-निदेशक सिद्धान्त, संविधान में बाद में जोड़ा गया?
   (a) ग्राम पंचायतों का संगठन
   (b) गोवध-निषेध
   (c) मुफ्त कानूनी सलाह
   (d) समान नागरिक संहिता
15. भारत में 'न्यायिक सक्रियता' सम्बन्धित है
   (a) प्रतिबद्ध न्यायपालिका से
   (b) जनहित याचिका से
   (c) न्यायिक पुनरवलोकन से
   (d) न्यायिक स्वतंत्रता से
16. 2015 –16 में संघ सरकार के बजट में निम्नलिखित में से कौन-सी पेन्शन योजना को पुन: प्रारम्भ किया गया है?
   (a) राम मनोहर लोहिया पेन्शन योजना
   (b) प्रधानमंत्री पेन्शन योजना

(c) अटल पेन्शन योजना

(d) निरन्तर पेन्शन योजना

17. 2015 – 16 में संघ सरकार के बजट में बीमा कम्पनियों की अंशपूँजी के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा बढ़ाकर कर दी गई है

(a) 49% (b) 76%

(c) 81% (d) 99%

18. 'प्रतिच्छाया बैंकिंग' क्या है?

(a) बैंक के कार्य को बैंक द्वारा आउटसोर्स करना

(b) गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं द्वारा वित्तीय तथा अन्य गतिविधियों को सम्पन्न करना

(c) घरेलू बैंकों की विदेश में गतिविधियाँ

(d) विदेशी बैंक द्वारा दूसरे देश के अन्दर बैंकिंग क्रियाएँ व अन्य गतिविधियाँ करना

19. निम्नलिखित में से कौन-सी बहुदेशीय संस्थाएँ भारत में कार्यरत हैं?

1. हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड
2. सैमसंग कॉर्पोरेशन
3. गेस्ट कीन एण्ड विलियम्स फार्मा
4. एल.जी.

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए।

**कूट:**

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) 1 और 3

20. भारत में जनसंख्या घनत्व

(a) निरंतर बढ़ा है

(b) लगभग स्थिर रहा है

(c) कुछ कम हुआ है

(d) पहले बढ़ा है और फिर 1991 के पश्चात् घटा है

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक दशक भारतीय नियोजन के इतिहास में 'रोजगार-विहीन वृद्धि का दशक' कहलाने योग्य है?

(a) 1971 – 1980 (b) 1991 – 2000

(c) 2001 – 2010 (d) 2005 – 2015

22. मेघालय का लोकनृत्य है

(a) नाटी (b) लोहो

(c) बम्बू नृत्य (d) खानटुम

23. वर्ष 2014 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार इनमें से किनको प्रदान किया गया?

(a) गुलज़ार (b) शशी कपूर

(c) प्राण (d) लता मंगेशकर

24. उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् स्थित है

(a) मेरठ में (b) बुलन्दशहर में

(c) लखनऊ में (d) गोरखपुर में

25. केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंधित पौधों का अनुसंधान संस्थान स्थित है

(a) चित्रकूट में (b) सहारनपुर में

(c) कानपुर में (d) लखनऊ में

26. उत्तर प्रदेश में आलू का अनुसंधान केन्द्र किस जिला में स्थित है?

(a) फर्रुखाबाद (b) मेरठ

(c) कानपुर (d) इलाहाबाद

27. भारत में सबसे अधिक उपजाऊ मृदा कौन-सी है?

(a) लाल मृदा (b) काली मृदा

(c) जलोढ मृदा (d) चूनेदार मृदा

28. साधारणत: ओरोबैंकी खरपतवार पाया जाता है

(a) तम्बाकू के खेत में (b) चना के खेत में

(c) धान के खेत में (d) गेहूँ के खेत में

29. सबसे अधिक प्रोटीन पाई जाती है

(a) उड़द के दाने में (b) अरहर के दाने में

(c) मटर के दाने में (d) सोयाबीन के दाने में

30. किसी फार्म के चल लागत पूँजी में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं है?

(a) बीज (b) उर्वरक

(c) सिंचाई जल (d) भूमि-राजस्व

31. बासमती चावल की रोपाई हेतु उपयुक्त बीज-दर है

(a) 45–50 कि. ग्रा./हेक्टेयर

(b) 20 – 30 कि. ग्रा./ हेक्टेयर

(c) 15 – 20 कि. ग्रा./ हेक्टेयर

(d) 5 – 10 कि. ग्रा./ हेक्टेयर

32. 'मुद्रा' के अवमूल्यन का परिणाम है

(a) देश में आयातों एवं निर्यातों का बढ़ना

(b) देश में आयातों एवं निर्यातों का घटना

(c) देश में निर्यातों का बढ़ना और आयातों का घटना

(d) देश में आयातों का बढ़ना और निर्यातों का घटना

33. 31 मार्च, 2015 तक निम्नलिखित में से किस गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा व्यापारिक बैंक खोलने का लाइसेंस दिया गया ?

(a) रिलाएन्स कैपिटल (b) बजाज कैपिटल

(c) आइ.डी.एफ.सी. (d) आइ.एफ.सी.आई.

34. भारत में दीर्घकालीन राजकोषीय नीति की घोषणा किस वित्तमन्त्री द्वारा की गई?

(a) वी. पी. सिंह (b) पी. चिदम्बरम

(c) डॉ. मनमोहन सिंह (d) यशवन्त सिन्हा

GS World
Committed To Excellence

35. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष-कर है?
   (a) विक्रय-कर   (b) एक्साइज ड्यूटी
   (c) कस्टम्स ड्यूटी   (d) सम्पदा-कर

36. किस राज्य सरकार के व्यापार का संचालन भारतीय रिज़र्व बैंक **नहीं** करता है?
   (a) नागालैण्ड   (b) जम्मू और कश्मीर
   (c) पंजाब   (d) असम

37. भारत में किसने आमदनी पर कर की शुरूआत की थी?
   (a) सर चार्ल्स वुड   (b) लॉर्ड मैकहेल
   (c) जेम्स विल्सन   (d) विलियम जोन्स

38. पेमेन्ट ऑफ ग्रैच्यूटी ऐक्ट, 1972 के अनुसार ग्रैच्यूटी भुगतान की अधिकतम सीमा क्या है?
   (a) ₹ 3 लाख   (b) ₹ 7.50 लाख
   (c) ₹ 10 लाख   (d) ₹ 10.50 लाख

39. 'पैन' के प्रारम्भ में पाँच अंग्रेजी के अक्षर होते हैं, जैसे AFZPK 7190 K, इसमें P दर्शाता है
   (a) व्यक्तिगत   (b) फर्म
   (c) अविभाजित हिन्दू परिवार
   (d) व्यक्तियों का समूह

40. 2011 में सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (माइक्रो-फाइनैंस इंस्टीट्यूशन) निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश पर स्थापित किए गए?
   (a) मालेगाम समिति   (b) गोइपोरिया समिति
   (c) रंगराजन समिति   (d) बैंकिंग रिफॉर्म्स समिति

41. 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' के लिए निम्नलिखित में से क्या सत्य है?

| | दुर्घटना बीमा (₹) | जीवन बीमा (₹) |
|---|---|---|
| (a) | 1,00,000 | 30,000 |
| (b) | 30,000 | 1,00,000 |
| (c) | 30,000 | 10,000 |
| (d) | 1,30,000 | 1,00,000 |

42. भारत में प्रभावित साक्षरता-दर की गणना की जाती है
   (a) कुल जनसंख्या से
   (b) बच्चों की जनसंख्या से
   (c) वयस्कों की जनसंख्या से
   (d) 7 वर्ष की उम्र के ऊपर की जनसंख्या से

43. निम्नलिखित में से किस कार्य से पारिस्थितिक सन्तुलन बिगड़ता है?
   (a) लकड़ी काटना
   (b) सामाजिक वानिकी
   (c) वन-महोत्सव
   (d) वनरोपण

44. 'ह्यूमस' उदाहरण है
   (a) मृदा संरचना का
   (b) क्रिस्टैलॉइड का
   (c) जैविक कोलॉइड का
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. शुष्कता दशा संदर्भित है
   (a) निम्न ताप से   (b) निम्न आर्द्रता से
   (c) उच्च वाष्पन से   (d) अति उच्च ताप से

46. पारिस्थितिकी निम्नलिखित के बीच पारस्परिक सम्बन्धों का अध्ययन है
   (a) जीव और वातावरण
   (b) मनुष्य और वन
   (c) मृदा और जल
   (d) पति और पत्नी

47. मृदाक्षरण को रोका जा सकता है
   (a) सघन वर्षा से
   (b) वननाशन से
   (c) वनरोपण से
   (d) अतिचारण से

48. लखनऊ जिले की सीमा निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा को स्पर्श **नहीं** करती है?
   (a) बलिया   (b) उन्नाव
   (c) हरदोई   (d) बाराबंकी

49. उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ाने में कौन-सा कारक सबसे अधिक प्रभावी है?
   (a) उन्नत किस्म के बीजों का बढ़ता प्रयोग
   (b) कृषि-सेवा केन्द्रों का विकास
   (c) कृषि-साख सुविधा
   (d) किसान क्रेडिट कार्ड योजना

50. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?
   (a) 31.8 प्रतिशत
   (b) 30.8 प्रतिशत
   (c) 32.2 प्रतिशत
   (d) 31.2 प्रतिशत

51. उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न शहरों में मेट्रो रेल चलाने का निर्णय किया है। उस सूची में निम्नलिखित शहरों में से किसका स्थान **नहीं** है?
   (a) कानपुर   (b) इलाहाबाद
   (c) आगरा   (d) वाराणसी

52. भारत में कोयले का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है?
   (a) पश्चिम बंगाल   (b) ओडिशा
   (c) आन्ध्र प्रदेश   (d) मध्य प्रदेश

GS World Committed To Excellence

53. क्षेत्रफल के हिसाब से विश्व का दूसरा वृहत्तम महाद्वीप है
(a) एशिया (b) दक्षिण अमेरिका
(c) उत्तर अमेरिका (d) अफ्रीका

54. अरावली श्रेणियाँ किस राज्य में स्थित हैं?
(a) राजस्थान (b) हिमाचल प्रदेश
(c) ओडिशा (d) आन्ध्र प्रदेश

55. कौन-सी नदी ओडिशा में अपना डेल्टा बनाती है?
(a) गोदावरी (b) महानदी
(c) नर्मदा (d) ताप्ती

56. बेतवा नदी मिलती है
(a) गंगा से (b) यमुना से
(c) ब्रह्मपुत्र से (d) सोन से

57. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों का विस्तार अधिक है?
(a) अफ्रीका (b) एशिया
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) दक्षिणी अमेरिका

58. मेक्सिको सबसे बड़ा उत्पादक है
(a) सोना का (b) ताँबा का
(c) जस्ता का (d) चाँदी का

59. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर सुपीरियर झील पर स्थित है?
(a) शिकागो (b) बफैलो
(c) डेट्रॉइट (d) डुलुथ

60. हजीरा-बीजापुर-जगदीशपुर (एच. बी. जे.) गैस पाइप-लाइन निम्नलिखित में से किस प्राधिकरण द्वारा निर्मित की गई है?
(a) गैस अथॅरिटी ऑफ इन्डिया लिमिटेड
(b) ऑइल इन्डिया लिमिटेड
(c) इन्डियन ऑइल कम्पनी
(d) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

61. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य इलायची के उत्पादन के लिए पहचान **नहीं** रखता है?
(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) ओडिशा

62. भारत के कितने राज्य समुद्र के किनारे पर हैं?
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

63. सारगासो समुद्र की विशिष्टता है
(a) अति ठण्डा पानी
(b) अति गर्म पानी
(c) अत्यधिक लवणीय पानी
(d) विशिष्ट समुद्री वनस्पति

64. निम्नलिखित झीलों में से कौन-सी एक विश्व धरोहर स्थल है?
(a) बोलिविया का रेड लैगून
(b) डोमिनिका की बॉयलिंग झील
(c) चीन की फाइव फ्लावर झील
(d) क्रोएशिया की प्लिटविस झील

65. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा एक नारियल का सबसे बड़ा उत्पादक है?
(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) आन्ध्र प्रदेश

66. मुम्बई की मीठी नदी निम्नलिखित में से किस झील से निकलती है?
(a) तुलसी झील (b) विहार झील
(c) पोवई झील
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. महात्मा गाँधी की ऐतिहासिक प्रतिमा का अनावरण किस देश की संसद् चौक (पार्लियामेन्ट स्क्वेयर) में किया गया है?
(a) जापान (b) यू. एस. ए.
(c) ब्रिटेन (d) फ्रांस

68. 'टाइम्स की विश्व प्रतिष्ठित रैंकिंग, 2015' में कौन-सा विश्वविद्यालय शीर्ष पर रहा है?
(a) कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
(b) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
(c) हार्वर्ड विश्वविद्यालय
(d) स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय

69. 'नैना' नाम से नया शहर निम्नलिखित हवाई-अड्डों में से किसके पास स्थापित किया जायेगा?
(a) इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा, नई दिल्ली
(b) राजीव गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा, हैदराबाद
(c) नवी मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा, मुम्बई
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम फैसले के अनुसार सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (ए. एफ. टी.) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
(a) उच्च न्यायालय ए.एफ.टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती है
(b) उच्च न्यायालय ए.एफ.टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर विचार कर सकती है
(c) उच्च न्यायालय ए.एफ.टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर मेजर से नीचे के पदाधिकारियों से सम्बन्धित मामलों में ही विचार कर सकती है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

GS World
Committed To Excellence

71. उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (एन. सी. जेड. सी. सी.) चैती और कजरी केन्द्रों का आयोजन किस शहर में करेगा?
   (a) मिरजापुर (मिर्जापुर)
   (b) भोजपुर
   (c) मथुरा
   (d) वाराणसी

72. लखनऊ बॉय पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई?
   (a) कुलदीप नायर
   (b) मुजफ्फर अली
   (c) विनोद मेहता
   (d) नुरूल हसन

73. निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान ने वन्यजीव प्रबन्धन के लिए ड्रोन या मानव-रहित हवाई वाहन का उपयोग करना प्रारम्भ कर दिया है?
   (a) बाँदीपुर टाइगर रिज़र्व
   (b) कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व
   (c) रणथंभोर टाइगर रिज़र्व
   (d) पेरियार टाइगर रिज़र्व

74. गार्जियन समाचार-पत्र के एडिटर-इन-चीफ के रूप में इनमें से किसे नियुक्त किया गया है?
   (a) चेरिल कोल
   (b) कैथरीन वाइनर
   (c) जोया विंसेंट
   (d) सामन्था राइस

75. 'मीठी-विरदी' परमाणु ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित में से किस देश के सहयोग से स्थापित किया जाएगा?
   (a) यू.एस.ए.  (b) कनाडा
   (c) रूस  (d) फ्रांस

76. नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व में इस्पात उत्पादन में किस स्थान पर है?
   (a) चौथा  (b) तीसरा
   (c) दूसरा  (d) पहला

77. 'एजेंडा-21' किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?
   (a) सतत विकास
   (b) परमाणु नि:शस्त्रीकरण
   (c) पेटेंट संरक्षण
   (d) कृषि-सम्बन्धी परिदान

78. केन्द्र सरकार का 'मिशन इन्द्रधनुष' किससे संबंधित है?
   (a) दलहन उत्पाद
   (b) सात टीका-निवारणीय रोगों के खिलाफ बच्चों का टीकाकरण
   (c) कौशल विकास
   (d) पर्यटन संवर्धन

79. प्रतिष्ठित 'टायलर पुरस्कार' किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?
   (a) नाटक  (b) महिलाओं का अधिकार
   (c) बच्चों का अधिकार  (d) पर्यावरण सुरक्षा

80. सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय (फैसले) के अनुसार, आइ.टी. अधिनियम की धारा 66A किसका उल्लंघन करती है?
   (a) अनुच्छेद 20  (b) अनुच्छेद 19(1)
   (c) अनुच्छेद 14  (d) अनुच्छेद 25

81. हाल ही में खाद्य संसाधन के लिए स्वीकृत 17 मेगा फूड पार्कों में से कितने राज्य एजेंसियों को आबंटित किए गए हैं?
   (a) 7  (b) 10
   (c) 11  (d) 13

82. स्टॉकहोम जल पुरस्कार, 2015 ' के विजेता राजेन्द्र सिंह किस गैर-सरकारी संगठन के साथ जुड़े हुए हैं?
   (a) बंधन
   (b) तरुण भारत संघ
   (c) पानी बचाओ (सेव वाटर)
   (d) बूँद

83. 2016 में आयोजित होने वाले आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सातवें एशियाई मंत्रीस्तरीय सम्मेलन की मेजबानी कौन करेगा?
   (a) पाकिस्तान  (b) थाईलैण्ड
   (c) म्यांमार  (d) भारत

84. पुलिस, सुरक्षा और आपराधिक न्याय पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय के सहयोग से इन्डिया फाउंडेशन द्वारा प्रथम आतंकवाद-विरोधी सम्मेलन, 2015 कहाँ आयोजित किया गया?
   (a) जयपुर  (b) जोधपुर
   (c) उदयपुर  (d) रावतभाटा

85. 2000 के $\frac{2}{5}$ के 50% का 40% होगा
   (a) 400  (b) 360
   (c) 200  (d) 160

86. $\frac{9}{13}$, $\frac{17}{26}$, $\frac{28}{39}$ और $\frac{33}{52}$ में सबसे बड़ा भिन्न है
   (a) $\frac{9}{13}$  (b) $\frac{17}{26}$
   (c) $\frac{28}{39}$  (d) $\frac{33}{52}$

87. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह अन्य से भिन्न है?
   (a) 3, 11, 13, 17
   (b) 7, 14, 18, 37

GS World Committed To Excellence

(c) 3, 5, 41, 47

(d) 3, 7, 17, 71

88. यदि 10 और 50 के मध्य एक अभाज्य संख्या इस प्रकार है कि उसके अंकों को आपस में बदलने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, तो उस संख्या का वर्ग है

(a) 121 (b) 484

(c) 1089 (d) 1936

89. अक्षर श्रृंखला

A R E N I J M ?

में लुप्त अक्षर है

(a) V (b) H

(c) G (d) F

90. यदि शब्द 'MATHEMATICS' में M को P से, A को D से, T को W से और इसी प्रकार अन्य को बदल दिया जाए, तो नवीन अक्षर श्रृंखला का 9 वाँ अक्षर होगा

(a) K (b) L

(c) F (d) W

91. बॉक्स में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या होगी

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 |
| 9 | 6 | 4 |
| 36 | 36 | ? |

(a) 40 (b) 32

(c) 36 (d) 42

92. –100 को विभाजित करने वाली प्राकृत संख्याओं का योग है

(a) 116 (b) 117

(c) 216 (d) 217

93. + और ÷ तथा 2 और 5 को आपस में बदलते हुए $8 + 4 \times 5 \div 2 - 3$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 2 (b) 4

(c) 6 (d) 8

94. राम उत्तर-पश्चिम 4 कि. मी. पैदल चलता है और फिर 3 कि. मी. दक्षिण-पश्चिम जाता है। प्रस्थान बिन्दु से वह कितनी दूरी पर है?

(a) 12 कि. मी. (b) 7 कि. मी.

(c) 6 कि. मी. (d) 5 कि. मी.

95. अनुक्रम

XBZ, VDY, TFX, RHW, ?

में अगला पद है

(a) PLT (b) PJV

(c) PJT (d) PLV

96. एक समय में केवल एक अक्षर परिवर्तित करते हुए कितने न्यूनतम चरणों में शब्द 'LOCK' को 'BANK' में बदला जा सकता है? प्रत्येक परिवर्तन में एक सार्थक शब्द बनना चाहिए।

(a) 6 (b) 5

(c) 4 (d) 3

97. यदि किसी आयाताकार क्षेत्र की लम्बाई 50% बढ़ा दी जाए तथा चौड़ाई 20% बढ़ा दी जाए, तो उसका क्षेत्रफल हो जाएगा

(a) $\frac{5}{9}$ गुना (b) $\frac{5}{3}$ गुना

(c) $\frac{9}{5}$ गुना (d) 3 गुना

98. यदि एक दर्पण में देखने पर किसी घड़ी में समय 9 बजकर 30 मिनट प्रतीत होता है, तो सही समय है

(a) 2 : 30 (b) 4 : 30

(c) 6 : 30 (d) 6 : 10

99. निम्नलिखित बॉक्स में लुप्त संख्या कौन-सी है?

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 17 | 9 |
| 3 | 21 | 7 |
| 7 | 16 | 8 |
| 6 | 10 | ? |

(a) 10 (b) 12

(c) 15 (d) 16

100. यदि 5, 10, 15 तथा X का औसत 20 है, तो X का मान कितना है?

(a) 20 (b) 25

(c) 45 (d) 50

101. निम्नलिखित किस राज्य ने राज्य पक्षी के रूप में 'घरेलू गौरैया' की घोषणा की है?

(a) हरियाणा (b) पंजाब

(c) दिल्ली (d) राजस्थान

102. प्रसिद्ध व्यक्तित्व युसूफ अली केचेरी का निधन हो गया है वे प्रसिद्ध थे

(a) तेलुगू कवि के रूप में

(b) उर्दू कवि के रूप में

(c) मलयालम कवि के रूप में

(d) मराठी कवि के रूप में

103. इन्डियन पार्लमेन्टरी डिप्लोमेसी – स्पीकर्स पर्स्पेक्टिव नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?

(a) मीरा कुमार (b) सुमित्रा महाजन

(c) बी. एस. शेखावत (d) सोमनाथ चटर्जी

GS World Committed To Excellence

104. प्रसिद्ध व्यक्तित्व लिया वैन लीर का हाल ही में निधन हो गया है। वह थी
- (a) इटालियन सिनेमा की अग्रदूत
- (b) इज़राइली सिनेमा की अग्रदूत
- (c) अमेरिकी सिनेमा की अग्रदूत
- (d) एक छायाकार

105. श्रीरामायण महान्वेषणम् पुस्तक किसने लिखी है?
- (a) पी.के. वर्मा
- (b) विनोद मेहता
- (c) शशी थरूर
- (d) एम. वीरप्पा मोइली

106. 'सोलर इम्पल्स 2' क्या है?
- (a) सौर ऊर्जा-चालित मोबाइल फोन
- (b) सौर ऊर्जा-चालित मिसाइल
- (c) सौर ऊर्जा- चालित पनडुब्बी
- (d) सौर ऊर्जा-चालित विमान

107. किस राज्य ने लड़कियों के लिए 'भाग्यश्री' योजना को प्रारंभ किया है?
- (a) दिल्ली (b) पंजाब
- (c) महाराष्ट्र (d) हरियाणा

108. 'जनरथ' नाम दिया गया है
- (a) उत्तर प्रदेश में ग्रामीण संचार को बढ़ावा देने के लिए
- (b) देश में यातायात सुविधाओं को बढ़ाने के लिए
- (c) भारत सरकार द्वारा भारत तथा बांग्लादेश के मध्य बस सेवा को प्रारंभ करने के लिए
- (d) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए निम्न लागत ए. सी. बस सेवा को

109. वर्ष 2013 के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
- (a) उत्तर प्रदेश में जन्मदर (प्रति 1000 जनसंख्या पर) भारत की जन्मदर से कम थी
- (b) उत्तर प्रदेश में जन्मदर (प्रति 1000 जनसंख्या पर) भारत की जन्मदर से अधिक थी
- (c) उत्तर प्रदेश में जन्मदर 25 से अधिक थी
- (d) उत्तर प्रदेश में जन्मदर 30 से कम थी

110. उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी हाल ही में वर्ष 2015–16 को किस रूप में मनाने का निर्णय लिया है?
- (a) युवा वर्ष (b) महिला सुरक्षा वर्ष
- (c) किसान वर्ष (d) पर्यावरण संरक्षण वर्ष

111. 2011 की जनगणना में उत्तर प्रदेश के किस जिले में साक्षरता-दर उच्चतम थी?
- (a) गाजियाबाद (b) महोबा
- (c) कानपुर (d) वाराणसी

112. उत्तर प्रदेश सरकार की आय का सबसे बड़ा भाग आता है
- (a) पंजीकरण शुल्क से
- (b) व्यापार-कर से
- (c) भूमि-राजस्व से
- (d) संघीय एक्साइज ड्यूटी के हिस्से से

113. उत्तर प्रदेश में 'नॉलेज पार्क' की स्थापना की जा रही है
- (a) वाराणसी में (b) नोएडा में
- (c) लखनऊ में (d) ग्रेटर नोएडा में

114. 'मेक इन इन्डिया' कार्यक्रम का लोगो है
- (a) शेर (b) हाथी
- (c) चीता (d) कंगारू

115. निम्नलिखित में से यौगिकों के किस समूह को 'सहायक आहार कारक' कहा जाता है?
- (a) वसा (b) अन्त: स्त्राव (हॉर्मोन)
- (c) प्रोटीन (d) विटामिन

116. निम्नलिखित में से कौन-सा जैव निम्नीकरणीय है?
- (a) प्लास्टिक (b) पॉलीथिन
- (c) पारा(मर्करी) (d) रबर

117. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ओज़ोन परत के ह्रास के लिए उत्तरदायी है?
- (a) नाइट्रस ऑक्साइड
- (b) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन
- (c) कार्बन डाइऑक्साइड
- (d) कार्बन मोनॉक्साइड

118. हवाई जहाज के टायरों को चौड़ा करने में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्रयुक्त होती है?
- (a) हाइड्रोजन (b) हीलियम
- (c) नाइट्रोजन (d) निऑन

119. भोजन का एक प्रमुख अंग है
- (a) स्टार्च (b) ग्लूकोज़
- (c) कार्बोहाइड्रेट (d) सेलुलोज़

120. 'लाल स्याही' बनाई जाती है
- (a) फिनॉल से (b) एनिलीन से
- (c) कांगो रेड से (d) इओसिन से

121. भोपाल गैस त्रासदी से सम्बन्धित यौगिक का नाम था
- (a) मेथाइल ऐल्कोहॉल (b) फॉस्फाजीन
- (c) मेथाइल आइसोसायनेट (d) मेथाइलएमाइन

122. फोटोग्राफी में स्थिर करने के रूप में प्रयुक्त होने वाला रासायनिक पदार्थ है
- (a) सोडियम थायोसल्फेट (b) बोरेक्स
- (c) सोडियम टेट्राथायोनेट (d) अमोनियम मोलिब्डेट

GS World Committed To Excellence

123. प्रतिशतता के आधार पर वायुमंडल में सर्वाधिक पाई जाने वाली गैस कौन-सी है?
(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन
(c) हाइड्रोजन (d) कार्बन डाइऑक्साइड

124. मानव के बाल एवं नख में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटीन विद्यमान है?
(a) ऑक्सिटोसिन (b) किरेटिन
(c) वैसोप्रेसिन (d) ट्रिप्सिन

125. निम्नलिखित में से किस लवण को प्रतिदिन खाद्य-नमक के रूप में उपयोग **नहीं** करना चाहिए?
(a) आयोडीन-युक्त नमक
(b) समुद्री नमक
(c) सेंधा नमक
(d) संसाधित साधारण नमक

126. प्राकृतिक कपूर प्राप्त होता है
(a) हिमालय पर्वत के उच्च स्थानों की चट्टानों से
(b) वेनेजुएला में ऐन्जिल प्रपात के फेन (झाग) से
(c) चीन तथा जापान के एक देशज वृक्ष से
(d) अन्दमान के निकट समुद्री ज्वार-भाटा के अवसाद से

127. गाय का दूध पीले-सफेद रंग का होता है, जिसका कारण उसमें निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति है?
(a) केसीन (b) लैक्टोस
(c) केसीन के साथ-साथ कैरोटीन
(d) लैक्टोस के साथ-साथ ब्यूटिरिक ऐसिड

128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
**कथन (A) :** सोते समय तीव्र प्रकाश अवांछनीय होता है।
**कारण (R) :** तीव्र प्रकाश में शरीर में मेलाटोनिन का उत्पादन अधिक होता है।
नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिये:
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (R) नहीं है।
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है।

129. इनमें से किसे शाहजहाँ ने 'शाह बुलंद इकबाल' की पदवी दी थी?
(a) दारा शिकोह (b) शूजा
(c) औरंगज़ेब (d) मुराद

130. 'नयनार' कौन थे?
(a) वैष्णव धर्मानुयायी
(b) शैव धर्मानुयायी
(c) शाक्त
(d) सूर्योपासक

131. 'सप्तपर्णी गुफा' स्थित है
(a) साँची में (b) नालन्दा में
(c) राजगृह में (d) पावापुरी में

132. 'द्वारसमुद्र' किस राजवंश की राजधानी थी?
(a) गंग (b) काकतीय
(c) होयसल (d) कदम्ब

133. 'गोपथब्राह्मण' सम्बन्धित है
(a) यजुर्वेद से (b) सामवेद से
(c) अथर्ववेद से (d) ऋग्वेद से

134. महाभारत मूलतः किस रूप में जानी जाती थी?
(a) वृहत्कथा (b) ब्राह्मण
(c) वृहत्संहिता (d) जयसंहिता

135. किस अभिलेख से ज्ञात होता है कि स्कन्दगुप्त ने हूणों को पराजित किया था?
(a) भीतरी स्तम्भ-लेख (b) इलाहाबाद स्तम्भ-लेख
(c) मन्दसौर अभिलेख (d) उदयगिरि अभिलेख

136. वल्लभी विश्वविद्यालय स्थित था
(a) बिहार में (b) उत्तर प्रदेश में
(c) बंगाल में (d) गुजरात में

137. हर्ष ने निम्नलिखित में से किन रचनाओं का लेखन किया था?
1. प्रियदर्शिका
2. नागानन्द
3. हर्षचरित
4. रत्नावली
नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए।
कूट:
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 3

138. हीनयान अवस्था का विशालतम एवं सर्वाधिक विकसित शैलकृत चैत्यगृह स्थित है
(a) पीतलखोरा में (b) जुन्नार में
(c) कार्ले में (d) बेडसा में

139. 'रौलट ऐक्ट' किस वाइसराय के काल में पारित हुआ था?
(a) लॉर्ड हार्डिंज II (b) लॉर्ड रीडिंग
(c) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (d) लॉर्ड मिन्टो II

140. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 प्रभावी हुआ था
(a) जुलाई 4, 1947 ई. को
(b) जुलाई 10, 1947 ई. को
(c) जुलाई 18, 1947 ई. को
(d) अगस्त 14, 1947 ई. को

GS World
Committed To Excellence